卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 250 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦21 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# योग के रंग में रंगी देवभूमि

## आम और खास सबने किया योग, सीएम धामी ने आदि कैलाश पहुंचकर किया योग





देहरादून/पिथौरागढ़/रूद्रपुर/ नैनीताल (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देवभूमि योगमय नजर आयी। आम और खास सभी ने योग किया और योग को जीवनशैली में अपनाने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदि कैलाश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिभाग किया। सीएम धामी ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों के साथ योग किया। इस दौरान सीएम ने यह संदेश दिया कि योग ना सिर्फ शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है, जो मनुष्य की मानसिक और शारीरिक शक्ति में वृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है।कहा, नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, जीवन को संतुलित बनाए रखने तथा असंभव लक्ष्य को पाने में विशेष भूमिका निभाता है। कहा, शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उनके सार्थक प्रयासों से आज योग जन जन तक पहुंचा है। कहा, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में इस वर्ष 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2024 को स्वयं एवं समाज के लिए योग सूत्र के साथ किया जा रहा है। उधर नई टिहरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टिहरी झील के किनारे विधायक किशोर उपाध्याय व विभागीय अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से हर की पैड़ी पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया। ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर सहित जौलीग्रांट में आयोजित योग शिविर में युवाओं ने बड़ी संख्या में योगभ्यास किया। ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर जौलीग्रांट में लोगों को निरोग रहने के लिए योग करने का संकल्प दिलाया गया। केदारनाथ में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं विश्व योग दिवस पर मेडिकल कालेज में संकाय सदस्य, एमबीबीएस छात्र, कर्मचारियों ने योग किया। **रूद्रपुर**– जनपद में 10वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन सिटी क्लब रूद्रपुर में किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विधायक रूद्रपुर शिव (शेष पृष्ठ सात पर)







## केजरीवाल को झटका,जमानत पर लगी रोक

### कल स्पेशल कोर्ट से मिली थी थी जमानत,आज हाईकोर्ट ने लगाई रोक



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से मिली जमानत पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई तक जमानत पर रोक लगाई है। ईडी ने केजरीवाल की जमानत पर रिहाई के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने अपनी एसएलपी में कहा है कि जांच के महत्वपूर्ण पड़ाव पर केजरीवाल को रिहा करने से जांच पर असर पड़ेगा क्योंकि केजरीवाल मुख्यमंत्री जैसे अहम पद पर हैं। इस पर हाईकोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की उस दलील को ठुकरा दिया, जिसमें कहा गया कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जरूरत नही है। इस बीच जस्टिस सुधीर जैन ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है, तब तक निचली अदालत का आदेश प्रभावी नहीं होगा। दरअसल केजरीवाल को गुरुवार को ही निचली अदालत से जमानत मिली थी, जिसके विरोध में ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। इस मामले पर जस्टिस सुधीर कुमार जैन और रविंदर डुडेजा की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। ईडी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत में हमें इस मामले पर बहस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। एएसजी राजू ने कहा कि हमें लिखित में जवाब दाखिल करने तक का समय नहीं दिया गया। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। ईडी (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारियों ने बैंक प्रबंधक का किया घेराव



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केनरा बैंक शाखा के कर्मी ने खाताधारक का चेक दूसरे व्यक्ति को सौंप दिया जिसके बाद उसे धनराशि भी हस्तांतरित कर दी। बैंक प्रबंधक द्वारा जब खाताधारक से अभद्रता की गई तो इसकी जानकारी मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के साथ खाताधारक व जय व्यापारी बैंक शाखा में आ धमके और उन्होंने शाखा प्रबंधक का घेराव कर खाताधारक का रुपया तत्काल उनके खाते में डालने की कहा। प्रबंधक ने 15 दिन में मामला सुलझा देने का भरोसा दिया है। खाता धारक सुभाष कालोनी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि वह फर्म मैसर्स आरके ग्लास स्टोर का प्रोपराईटर है, जोकि सुभाष कॉलोनी में स्थित है। उसका बैंक खाता केनरा बैंक की मुख्य शाखा- सिविल लाईन में संचालित है। 3 जून को एक लाख रुपए का चौक जो उसके ग्राहक ने दिया था वह केनरा बैंक की मुख्य शाखा-सिविल लाईन के चौक ड्रोप बॉक्स में डाला गया था। चौक का भुगतान तीन दिन तक खाते में प्राप्त ना होने पर बैंक शाखा में बैंक मैनेजर ललित आर्य से सम्पर्क किया तो उनके द्वारा बताया गया कि उपरोक्त चौक उसी दिन किसी बैंक कर्मचारी ने किसी(शेष पृष्ठ सात पर)

## कैबिनेट मंत्री जोशी का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

देहरादून(उद संवाददाता)।उत्तराखंड में आज जगह-जगह योग के कार्यक्रम आयोजित किये गए थे, योग के कार्यक्रम को जाते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी



के काफिले के वाहन टकरा गये और जिस वाहन में मंत्री सवार थे, वह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, मंत्री जोशी चोटिल नहीं हुए। यह घटना देहरादून में राजपुर रोड पर हुई है। कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी मनोज (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता पर ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक महिला के साथ तथाकथित भाजपा नेता द्वारा दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एसएसपी को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। ठाकुर नगर निवासी एक

**अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सात साल से कर रहा था दुष्कर्म**

महिला ने तहरीर में कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति जो खुद को वकील और भाजपा नेता बताता है,उनके घर अकसर आता जाता था और उसे मामी और पति को मामा कहकर बुलाता था। महिला का आरोप है कि करीब सात वर्ष पूर्व उक्त व्यक्ति ने एक दिन नहाते हुए उसका नग्न वीडियो बना लिया। इसके बाद वह आये दिन वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म करने लगा। महिला के मुताबिक उक्त तथाकथित भाजपा नेता बच्चों को जान से मारने की धमकी भी देता था। ब्लैकमेल करके उसने कई बार अप्राकृतिक मैथून भी किया। अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

रामनगर (उद संवाददाता)।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में रानीखेत रोड पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले को लेकर पूरी तरह सरकार दोषी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थी तो मेरिट



में आ गए और मेहनत करने वाले छात्र एक बार फिर इस परीक्षा से पेपर लीक होने के कारण वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार इनके द्वारा जो भी भर्ती परीक्षाएं कराई जा रही है सभी के पेपर लीक हो रहे हैं जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मेहनत करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# मन को शांत और शरीर को स्वस्थ करता है योग: पंत

## जिला न्यायालय में भी आयोजित हुआ योग शिविर





अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम मल्ला महल परिसर में आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों योग साधकों के सामूहिक रूप से योग किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड श्रम सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत थे। कार्यक्रम की शुरुआत धनवंतरी वंदना के साथ द्वीप प्रज्वलन कर की गई। श्री पंत ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि योग के पीछे बड़ी सोच है, इस सोच को साकार करने के लिए हम, आप सभी प्रयास कर रहे हैं। योग जोड़ने का कार्य करता है, मन को शांत और निरोग काया में महत्वपूर्ण है आज सम्पूर्ण विश्व में योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। योग एक सहज क्रिया है जिससे हम अपने शरीर को निरोगी बना सकते हैं। योग का जनक भारत है। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त जनपद वासियों को बधाई प्रेषित की। उन्होंने स्वयं भी योग शिविर में प्रतिभाग करने के उपरांत कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ एवं निरोगी रह सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ विचार बनते है, इसलिए मन को एकाग्र एवं शांत रखने के लिए भी योग बहुत महत्वपूर्ण हैपूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने भी बधाई देते हुए कहा कि 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बहुत व्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से कराने के लिए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग बधाई के पत्र हैं उन्होंने सभी को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में एक संकल्प के रूप में अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वयं भी योग करें और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करें 'योग: स्वयं एवं समाज के लिए' थीम पर आयोजित योग कार्यक्रम में डॉ मंजू बोरा के अनुदेशन में योग साधकों ने योग के विभिन्न आसन किए। डॉ रजनी बाला ने योग साधकों को योग के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। योग शिविर में डॉ अनुपमा त्यागी,डॉ संजय श्रीवास्तव, डॉ मीरा जोशी, डॉ श्रुति अग्रवाल, डॉ रजनी बाला, डॉ ऋषिकेश तिवारी, डॉ पंकज वर्मा, डॉ संदीप पोरवाल, डॉ जितेंद्र पपनोई, डॉ शैलेंद्र डागर डॉ मुकेश गुप्ता श्री महेन्द्र मेहरा उपस्थित रहेइस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ निवेदिता सहित अन्य अधिकारी, जनपद के गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे एवं एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य ने कार्यक्रम में शामिल होकर योग किया।**अल्मोड़ा।** माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार एंव जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवाप्राधिकरण अल्मोडा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सभागार अल्मोड़ा में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकांत पाण्डेय द्वारा शिविर का शुभारंभ करते हुए योग के महत्तव एवं लाभ आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा सुश्री शचि शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया तथा योगाचार्य भुपेश पांडे ने प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न आसनों की जानकारी देते हुए योगाभ्यास तथा मेडिटेशन कराया। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दयाराम,सिविल जज (सीनियर डिवीजन रविन्द्र देव मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोरा एवं जनपद न्यायालय अल्मोडा एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगणों, पैरा लीगल वालिंटियर दीपा आर्या व भावना तिवारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में मनाया विश्व योग दिवस





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों, शिक्षको एवम अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर योगाभ्यास में प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग स्वास्थ्य जीवन शैली तथा बेहतर जीवन जीने में हमारी काफी सहायता करता है। योग वह क्रिया है जिसके अंतर्गत शरीर के विभिन्न भागों को एक साथ लाकर, शरीर मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित करने का कार्य किया जाता है। योग सांस लेने के अभ्यास और शारीरिक क्रियाओं का जोड़ है। अत: नियमित योग करके सभी बीमारियों से मुक्ति पाया जा सकता है। वहां उपस्थित सभी योग प्रेमियों ने प्रार्थना, गायत्री मंत्र, शांति पाठ, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न प्रकार के खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल लेट कर योग तथा प्राणायाम किया जिसमे पद्मासन, वज्रासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, त्रिकोणासन, वृक्षासन, ताड़ासन, गरुडासन, नटराज आसन, गोमुख आसन, सर्वांगास, भुजंग आसन, चक्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, मकरासन, शलभासन आदि योगासनों की बारीकियों को समझा व किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे, किरण देवी, क्रांति देवी, गुड्डी, कमलेश, मुन्नी, संतरा देवी तथा बच्चो के अभिभावक उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गेस्ट हाउस नानकमत्ता में इंटरनेशनल योगा डे पर भाजपा ने योग शिविर आयोजित किया। शिविर मे मुख्य वक्ता किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने योग के लाभों के बारे विस्तार से जानकारी दी तथा बताया की मोदी जी के प्रयास से 21 जून इंटरनेशनल योगा डे घोषित हुआ। योग शिविर के



संयोजक तथा भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक उमेश अग्रवाल ने मुख वक्ता राजपाल सिंह तथा सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा बताया की योग बिना दवाइयों के बीमारी दूर करने का रामबाण उपाय है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ध्रुव सिंह राणा , जगदीश जोशी , प्रेम सिंह तुरना , गोल्डी मान , जितेंद्र राणा सुमित जोशी आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसपोर्ट और सैलून व्यापारियों को जोड़ने की मांग



किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामंत्री दानिश इकबाल के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर एवं सिरौली कलां के तमाम व्यापारियों ने ट्रांसपोर्ट नगर सिरौली कलां एवं सैलून व्यापारियों को व्यापार मंडल से जोड़ने की मांग की। दानिश इकबाल ने दिए गए ज्ञापन में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी नगर व्यापार मंडल प्रत्याशी या दावेदार व्यापारियों के कागज इकट्ठे करने का अधिकार नही है । दानिश इकबाल ने कहा कि नगर व्यापार मंडल चुनाव को राजनीतिक रंग देना गलत है। व्यापारी नेता का मकसद व्यापार मंडल को और व्यापारियों को मजबूत करना होना चाहिए। इस मौके पर खालिद इकबाल, अहमद जावेद, मालिक जक्कू, इशाकत अली, नाहिद सरवर, हुसैन जाकिर सैफी, सलीम सलमानी, सलीम मलिक, तस्लीम खान, कामिल हाफिज, तारिक मालिक, फैजान मिक्की, मुहम्मद फरीद खान, जीशान खान सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## खेत में लगी पानी की मोटर हुई चोरी

गूलरभोज(उद संवाददाता)। कृपाली कोपा शमशान घाट के पास खेत से सिंचाई के लिए लगाई गयी मोटर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पूर्व आईजी पूरन सिंह रावत ने बताया कि वह किसी काम से दिल्ली गए थे। खेत में मोटर देखकर गए थे। जब वापस आए तो खेत से मोटर चोरी हो चुकी थी। उन्होंने तहरीर चौकी में देकर कहा कि शमशान घाट के पास पुलिया है जहां नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। चौकी इंचार्ज गणेश भट्ट ने कहा कि चोर शीघ्र पकड़े जाएंगे और नशेड़ियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों ने किया योग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व योग दिवस पर खेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 में आज शकुंतला पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा योग दिवस मनाया गया। प्राणायाम,



ताड़ासन, गोमुखासन जैसे आसनों का प्रशिक्षण बच्चों एवं सभी उपस्थित लोगों को दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा योग की जानकारी दी गई और सभी लोगों को नियमित रूप से योग करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में अमीता पाल, एएनएम नीमा मेहता, आशा ग्लेडिस, सहायिका मंजू कांडपाल, ज्योति, माधुरी ,घराधा, सुनीता आदि लोगों ने भाग लिया ।

## सिक्स सिग्मा में धूमधाम से मनाया योग दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया।जिसमे संस्थान के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विजय सिंह, प्रशिक्षण एवं नियुक्ति प्रमुख रजत धवन एवं समस्त शिक्षक गणों ने योग किया। योग प्रशिक्षक रजत धवन द्वारा विभिन्न आसन सूर्य नमस्कार, चक्रासन, कोणासन के आलावा अनुलोम विलोम, कपालभाती जैसे प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में उन्होंने सभी से योग को हमारे जीवन के नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की, उन्होंने योग के सकरात्मक परिणामों को सभी प्रशिक्षु के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह



बिष्ट, प्राचार्य फार्मेसी डा.विजय सिंह, एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट, वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाठला ,शिवम शर्मा, मुकेश कुमार, साहिल छाबड़ा, अमित प्रकाश, कल्पलता सिंह, मिली मंडल, प्रियरंजन तिवारी,नेहा मंडल, हिमानी सामन्त, बबिता यादव,पूजा बाल्मीकि एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाये मौजूद रहें।

## सामूहिक विवाह समारोह कल, तैयारियां पूर्ण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा में कबीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने जा रहे सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूर्ण हो गयी है। पूर्व विधायक व सर्वव्यवस्था प्रमुख राजकुमार ठुकराल तथा कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोरी ने रम्पुरा मे पैदल भ्रमण कर पत्रक बांट कर लोगों को विवाह समारोह में आमंत्रित किया। ठुकराल ने कहा कि 7 सात निर्धन कन्याओं का विवाह रम्पुरा के दुर्गामन्दिर के सम्मुख प्रांगण मे होगा। ठुकराल ने बताया कि पिछले वर्ष भी कबीर जयन्ती पर चार निर्धन कन्याओं का विवाह आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इस वर्ष भी रम्पुरा बस्ती में बड़े धूम धाम से सातों दुल्हों की बारात निकाली जायेगी। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, चंद्रकाली कोली,माया देवी कोली, नीतू कोली,ललित कोली, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।



# लघु उद्योग की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## आग से करीब 25 लख रुपए का नुकसान,शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा





नानकमत्ता(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र के ग्राम नौगजा में नवनिर्मित लघु उद्योग की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई, आग लगने से पूरा क्षेत्र व बाजार का इलाका धुएं के काले बादलों से घिर गया। फैक्ट्री में आग लगने से करीब 25 लाख रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अ नुसार खटीमा नेशनल हाईवे से लगे ग्राम नौगजा में नानकमता वार्ड तीन निवासी धर्मवीर राठौर पुत्र मेवाराम की राठौर लघु उद्योग के नाम से नवनिर्मित फैक्ट्री बनाई थी, इसके संचालन के लिए स्वामी ने करीबन 8 लाख की मशीन और लाखों रुपए का कच्चा प्लास्टिक का दाना मंगवा रखा था, फैक्ट्री को शुरू करने की तैयारी चल ही रही थी कि गुरूवार की शाम फैक्ट्री में अचानक आग लग गई, आग लगने से फैक्ट्री का काला धुआं बादलों में छा गया, कुछ देर लोगों को लगा कि आसमान में बादल आ गए, लेकिन कुछ ही समय बात पता चला कि ग्राम नोगजा में लघु उद्योग की फैक्ट्री में आग लग गई थी, आग लगने की सूचना पर स्थानीय पुलिस के दरोगा अशोक कांडपाल, शंकर सिंह बिष्ट मौके पर पहुंच गए, आग लगने के आधे घंटे बाद करीबन सितारगंज से फायर विभाग की गाड़ी पहुंची, फायर विभाग की दो गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, फैक्ट्री स्वामी धर्मवीर राठौर ने बताया कि फैक्ट्री में मशीन व बारदाना आ चुका था। फैक्ट्री को शुरू करने के लिए तैयारी चल रही थी, लेकिन आज अचानक आग लग गई, जिससे करीब 25 लख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने से फैक्ट्री परिसर का एरिया पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर आसपास के सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन शॉर्ट सर्किट बजह मानी जा रही है।

## आवास विकास में सिलेंडर फटने से अफरातफरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास कालोनी में गत रात्रि घर में खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर के ध माके की आवाज के साथ फट जाने से घर में आग भड़क गई जिससे परिजनों में अफरातफरी मच गई। वहीं पडोसियों के घरों में दरारें आ गई। घटना के समय खाना बना रही महिला बाल बाल बच गई। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से घर में रखा हजारों रूपयें का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी महिला किरन कार्की किराये के मकान में रहकर पेट केयर का कार्य करती है। गत रात्रि खाना बनाने के दौरान रसोई में रखे सिलेंडर में तेज ध माके के साथ अचानक आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। धमाके से पड़ोस के घरों की दीवारों में दरारें आ गई। वहीं सिलेंडर के भी कई टुकड़े हो गये। किरन के घर में हजारों रूपयों कीमत का सामान जलकर राख हो गया।





## बाइक गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बाइक सवार की गड्ढे में गिरने से मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जगदीशपुर दिनेशपुर निवासी 37 वर्षीय गोविंद कुमार पुत्र सोवन राम अपनी बाइक पर सवार होकर रुद्रपुर की ओर जा रहा था वही रास्ते में सड़क में एक गढ़ा था उसे गड्ढे में गोविंद बाइक सहित गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां प्यार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को भी सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

## मुख्य बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अज्ञात वाहन चोरों ने विगत सायं मुख्य बाजार में खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। आदर्श कालोनी निवासी जसवीर सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह ने कहा है कि 18 जून की सायं 4 बजे उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 यू 4327 को गुरूनानक पब्लिक स्कूल के सामने वाली गली में खड़ा किया था। कुछ देर बाद लौटकर उसने देखा तो उसकी बाईक अपने स्थान पर मौजूद नही थी । काफी खोजबीन करने के बाद भी बाई का कुछ पता नही चल पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास



खाटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिंद पब्लिक स्कूल में योग दिवस के उपलक्ष में योग शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य में रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में प्रात: 5:30 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने योग शिवर में भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि योग को हमें अपने दैनिक जीवन में अपने व्यवहार में लाना चाहिए प्रतिदिन योग करने से मनुष्य का शरीर एवं मस्तिष्क स्वस्थ रहता है वीडियो में चली आ रही योग पद्धति हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग शिविर में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जीवन धामी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, अरविंद कश्यप, नीरज रस्तोगी, जगदीश पांडे, विशाल गोयल, कुंदन बोरा, राहुल सक्सेना, मुकेश गुप्ता, रवि सक्सेना, अचल शर्मा, बाबूराम अरोड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग हमारी प्राचीन विरासत: चौहान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा के दक्षिणी मंडल तत्वाधन में आशुतोष विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खेड़ा में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में वक्ता के रूप में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है जो मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृ( करता है। प्रध नमंत्राी नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देश वासियों के लए गौरव की बात है। उनके सार्थक प्रयास से योग जन- जन तक पहुंच रहा है। चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डा. रंजीत गिल ने कहा कि नियमित योग करने से तनाव कम होता है शरीर और मन दोनो स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि योग नियमित रूप से करने से कई लाभ होते हैं। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते है। जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि योगाभ्यास शरीर स्वस्थ मन को जोड़ता है। आज पूरा देश ही नहीं विदेशों में भी योग हो रहा है।कार्यक्रम में दक्षिणी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पाण्डे के निवास पर महिला मोर्चा ने मनाया योग दिवस

गुलरभोज (उद संवाददाता)। यहां विधायक अरविंद पाण्डे के आवास पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान योगा ट्रेनर विधायक अरविन्द पाण्डेय की पुत्रबधु एडवोकेट अनीता पाण्डेय ने सभी महिलाओं को योग करवाया और साप्ताहिक एक दिवसीय योगा करने



हेतु सबको निमंत्रित किया और जागरूक भी किया। इस अवसर पर दिनेशपुर मण्डल की महिला मोर्चा की भाजपा अध्यक्ष श्रीमती दीपा चुफाल, इंदिरा गड़िया, विमला पानू, भगवती जोशी, किरन दहुजा, बीना जोशी, और निकट के गांव से आयी हुई समस्त महिला कार्यकर्ताओं ने भी योग अभयास किया।

## कोई भी बेजुबान प्यासा नहीं रहे का लें संकल्प : नीरज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रवक्तानीरज तिवारी ने कहा प्रचंड गर्मी की वजह से जंगली जानवर प्यासे है इस बात को समझाते हुए कई लोगो से बात कर जंगलों में बने पोखरों को पानी से भरने का संकल्प लिया गया। कोई भी बेजुबान प्यासा न रहे और कोई भी पोखरा सुखा न रहे दृढ़ संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि फतेहपुर लामचौड़ वन विभाग को विश्वास में लेते हुए सहयोगियों द्वारा विगत कई दिनों से नि स्वार्थ कई टैंकर पानी जंगलों में बने तालाबों में डाला जा रहा है। इस मुहीम में उनके साथ सद्भावना यूथ फाउंडेशन अध्यक्ष हेमू पडलिया, प्रद्युमन तिवारी, मौ. जैद, सुनील रोबर्ट, नवल सती, निक्का, मौ. इनाम, सूरज आर्या आदि लोग सहयोग कर रहे है।



## पांच साल से बंद है बयालीसेरा नहर

गरुड़(उद संवाददाता)। खेतों में धान की नर्सरी सूख गई है। नहर में पानी चलाने के बजाय सिंचाई विभाग अब नहर की मरम्मत करा रहा है। जिससे किसानों में विभाग के विरुद्ध तीव्र आक्रोश है। कत्यूरी राजवंश की बयालीसेरा नहर हरगेड़ी तोक में पांच साल से बंद है। पांच साल से किसान सिंचाई से वंचित हैं। इन दिनों लंबे समय से वर्षा नहीं हुई है। भीषण गर्मी से खेतों में धान की नर्सरी सूख गई है। इस समय किसानों को सिंचाई की सख्त जरूरत है। सिंचाई विभाग को अब नहर की मरम्मत कराने की याद आ रही है। मरम्मत के नाम पर विभाग ने मटेना को आने वाली सड़क भी खोद दी है। जिससे सड़क का डामरीकरण भी उखड़ गया है। जिससे लोगों में आक्रोश है। किसानों ने धान की नर्सरी बचाने के लिए विभाग से जलपंप लगाकर सिंचाई करने और सड़क में डामरीकरण करने की मांग की है। किसान कैलाश चंद्र तिवारी, विपिन तिवारी, सीएस बड़सीला, दीप चंद्र, महेश जोशी, दिनेश जोशी, विपिन बिष्ट, भागीरथी देवी, आनंदी देवी, पुष्पा देवी आदि ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे विभाग के अधिकारियों का घेराव कर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# विकास कार्य रोज निगल रहे 'वन भूमि', कैसे थमेगी बढ़ती गर्मी?

**उत्तराखंड में हर दिन डेढ़ हेक्टेयर सिकुड़ रही वन भूमि,विकास के लिए हर साल दी जा रही लाखों पेड़ों की बलि, क्षतिपूरक वनीकरण के नतीजे भी संतोषजनक नहीं**

-अर्श-

देहरादून। सूबे में गर्मी हर साल नए कीर्तिमान बना रही है। ताजा हालात कुछ ऐसे हैं कि राज्य के मैदानी क्षेत्र से लेकर पहाड़ तक भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं और साल दर साल नए कीर्तिमान स्थापित कर रही इस गर्मी से त्रस्त लोग बारिश की दुआएं लगातार मांग रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि प्रदेश में मानसून सक्रिय होते ही पारा धड़ाम हो जाएगा, लेकिन उत्तराखंड में भविष्य की गर्मियां इतनी दुखदाई नहीं होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। वह इसलिए क्योंकि गर्मी बढ़ने तथा जलवायु परिवर्तन के परिणाम स्वरूप सामने आने वाले अन्य प्राकृतिक दुष्परिणामों का सीधा संबंध वन भूमि के कम होने और पेड़ों के काटे जाने से है और उत्तराखंड में वन भूमि सिकुड़ने और वृक्षों के विनाश की रफ्तार बेहद डरावनी है ।एक अनुमान के मुताबिक राज्य में तकरीबन डेढ़ हेक्टेयर वन भूमि रोजाना कम हो रही है । ज्ञात हो की उत्तराखंड में अनियोजित एवं विवेकहीन विकास का रथ पहले से ही काफी तेज दौड़ रहा है। विकास के इस रथ को और भी रफ्तार देने के लिए सरकार के विभिन्न विभाग अनुभाग तमाम विकास कार्यों के नित नए प्रस्ताव सामने लाते ही रहते हैं। इन प्रस्तावों को धरातल पर अमली जामा पहनने के लिए जमीन की जरूरत होती है। चूंकि उत्तराखंड में जमीन का अधिकांश हिस्सा वन भूमि का ही है ,इसलिए विकास कार्यों की यह गाज अमूमन वन भूमि पर ही गिरती है । बताना होगा कि बीते 5 सालों में ढाई हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि विकास के विभिन्न प्रयोजनों के लिए हस्तांतरित की जा चुकी है। आंकड़ों पर



दृष्टिपात करें ,तो वर्ष 2021-2022 में जहां सबसे अधिक 1138 हेक्टेयर वन भूमि का हस्तांतरण हुआ है, वही वर्ष 2019-20 में 177 वर्ष 2021-22 में 524 तथा वर्ष 2022-23 में 961 हेक्टेयर वन भूमि विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए हस्तांतरित की गई है। हालांकि प्रदेश में वन भूमि को हस्तांतरित किए जाने संबंधी प्रावधान काफी कड़े हैं और वन भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव प्रयोक्ता एजेंसी के कार्यालय से तैयार होकर डीएफओ कार्यालय नोडल अधिकारी वन भूमि हस्तांतरण से होते हुए पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तक जाते हैं ,जहां से दो स्तर पर अनुमति मिलने के बाद ही वन भूमि मिलने का रास्ता साफ हो पाता है। साथ ही इस प्रक्रिया में कई शर्तों को भी पूरा करना होता है। बावजूद इसके उत्तराखंड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करीब डेढ़ हेक्टेयर वन भूमि बड़ी आसानी से हर दिन हस्तांतरित हो रही है और बीते पांच सालों में मोटा मोटी ढाई हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरित हो चुकी है ।बताने की जरूरत नहीं की वन भूमि हस्तांतरण के साथ वृक्षों के कटान की प्रक्रिया भी की जाती है। लिहाजा अगर एक हेक्टेयर भूमि पर कम से कम 150 पेड़ों के काटे जाने का अनुमान भी लगाया जाए, तो बीते पांच सालों में चार लाख से अधिक वृक्ष अब तक काटे जा चुके होंगे। यद्यपि उत्तराखंड में विकास कार्यों के लिए वन भूमि देने की स्थिति में इसके बदले में दो गुनी भूमि लेकर क्षतिपूरक वनीकरण करने तथा प्रयोक्ता एजेंसी से वन भूमि की नेट प्रेजेंट वैल्यू व क्षतिपूरक वनीकरण के लिए जाने के प्रावधान भी है ,लेकिन राज्य में क्षतिपूरक वनीकरण की हरियाली के दर्शन बमुश्किल ही हो पाते हैं ।जाहिर है की इन हालातो के चलते उत्तराखंड में हर साल बढ़ रही गर्मी का थम पाने के आसार बेहद कम है ।

# जमीन खरीदने से पहले बैकग्राउंड की जांच की जाए : सीएम

**सीएम धामी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा: उत्तराखंड में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बसने से पहले चिह्नित किया जाए, सत्यापन अभियान और सख्ती से चलाने के निर्देश**

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में संदिग्ध बाहरी लोगों की पहचान के लिए सघन सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए। बाहरी राज्यों के लोगों के बारे में यह जान लें कि उनका प्रदेश में भूमि खरीदने का उद्देश्य क्या है और उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला तो नहीं चल रहा है। सीएम ने ये निर्देश राज्य में संदिग्ध और आपराधिक किस्म के लोगों को प्रदेश में बसने से रोकने के उद्देश्य से दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को शासकीय आवास पर कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने प्रदेश में चल रहे वेरिफिकेशन ड्राइव को और अधिक सख्ती से चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उत्तराखण्ड में जमीन खरीदने वाले लोगों की बैकग्राउंड की भी पूरी तरह से जांच करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि है। यहां अपराध एवं अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। किसी भी विकासशील प्रदेश के लिए बेहतर कानून व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार राज्य में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण बनाए रखने हेतु कृत संकल्पित है। बैठक में उपस्थित मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, सचिव गृह और कई अन्य अधिकरियों से सीएम ने उनसे सत्यापन अभियान के बारे में जानकारी ली और इसे और अधिक प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, कानून व्यवस्था का पूरी सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा, जो भी बाहरी व्यक्ति राज्य



में जमीन खरीदने के लिए आ रहे हैं, उन्हें यह बताना होगा कि वे किस उद्देश्य से जमीन खरीद रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को ताकीद किया कि वे ऐसे मामलों में आपराधिक विवरण के साथ भूमि क्रय करने का उद्देश्य का भी पता लगाएं। सीएम ने कहा कि इसके लिए उनसे निर्धारित प्रारूप पर एक घोषणापत्र भरवाया जाए। बाहरी लोगों के जमीन खरीदने से पहले इसकी भी सघनता से जांच कराई जाए कि उन पर कहीं कोई आपराधिक मामला तो नहीं चल रहा है। जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति पर आपराधिक मामला पाया जाता है, तो प्रारूप पर स्पष्ट उल्लेख हो। उत्तराखंड के सांस्कृतिक और शांत वातावरण को बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान की जाए। उन्होंने ऐसे संदिग्ध लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। कहा, कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सीएम ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि वनाग्नि, पेयजल, और बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित बैठक कर समीक्षा करें और आगे ऐसी समस्याएं न हों, इसके लिए जो भी प्रभावी उपाय किए जाने हैं, जल्द किए जाएं। कार्यों में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सीएम ने आपदा प्रबंधन और आगामी कांवड़ यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश देते हुए कहा, शासन के वरिष्ठ अफसर नियमित सभी जिलाधिकारियों के संपर्क में रहें। जिलों से किसी भी प्रकार की सहायता के अनुरोध पर उनका यथाशीघ्र समाधान किया जाए। जल संरक्षण और संवर्द्धन के साथ पौधरोपण के लिए अभियान को जन अभियान से जोड़ा जाए।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया



देहरादून(उद संवाददाता)। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने अपने दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे के अंतर्गत आज उत्तराखण्ड राज्य के अंतर्गत वन अग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा कर इस आपदा से निपटने संबंधी उपायों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने नरेंद्रनगर वन प्रभाग के अंतर्गत शिवपुरी, हिंडोलाखाल , बेमुंडा , आगराखाल आदि वन रेंजों का दौरा कर वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग द्वारा



किए गए उपायों एवं स्थानीय निवासियों के स्तर पर प्रदान किए जा रहे सहयोग का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आज हालात नियंत्रण में हैं इसलिए स्थलीय निरीक्षण आवश्यक था ताकि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया जा सके। केंद्र सरकार और राज्य सरकार वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार को वनाग्नि से रोकथाम के लिए केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दी जायेगी। इस मौके पर वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार श्री किशोर उपाध्याय सहित वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# गुंजी में क्षेत्रवासियों और सेना के जवानों से मिले सीएम धामी

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आदि कैलाश में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार सायं गुंजी में कुमाऊं आयुक्त, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ ,सेना, आईटीबीपी, बीआरओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ सीमांत क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों के साथ ही क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा सीमांत क्षेत्र के विकास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे सीमान्त क्षेत्रवासी भी हमारी सीमाओं के प्रहरी है। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश देते हुए अधिकारियों को





आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 की हार्दिक शुभकामनाएं। अनादि काल से ही भारत में ध्यान और योग का विज्ञान प्रचलित है और आज संपूर्ण विश्व भारत की इस योग संस्कृति का अनुसरण कर स्वस्थ और आरोग्य जीवन की कला सीख रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखण्ड को अंतर्राष्ट्रीय योग हब बनाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। हमारा प्रयास प्रदेश में योग, अध्यात्म और नेचुरोपैथी को बढ़ावा देना है और इस संकल्प की सिद्धि के लिए इस वर्ष प्रदेश में योग नीति लाई जाएगी। योग हमारी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करता है। आइए, हम सभी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' को साकार करते हुए स्वस्थ और निरोगी जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...

## दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना विराट श्री बालाजी महोत्सव





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी कालोनी स्थित दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय 13वां स्थापना दिवस विशाल श्री बालाजी दरबार के साथ सम्पन्न हुआ। दरबार में भजन गायकों ने सुमधुर भजनों से बाबा भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ 18 जून को संगीतमय श्री अखण्ड रामायण पाठ के साथ हुआ था। 19 जून को पाठ का समापन भोग और आरती के साथ हुआ। तीसरे दिन प्रातः आलौकिक स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। शाम को विशाल भण्डारा आयोजित हुआ उसके पश्चात श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। दरबार का शुभारम्भ विधि ावत ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। दबार में कानपुर से आये भजन गायक संदीप मस्ताना ने मां अंजनी का लाला, लाल लंगोटे वाला, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, सीता जी की रसोई, गोपाल मुरलिया वाले नंद लाल मुरलिया वाले, मेरा दिल तुझपे कुर्बां मुरलिया वाले, आदि भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। रूद्रपुर के भजन गायक डंपी चोपड़ा ने आना है आना है तुम्हे आना है आज हमारे घर आना है, कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम, सूरज को उगने ना दूंगा, लक्ष्मण को मरने ना दूंगा, तुने जो कमाया है दूसरा ही खायेगा खाली हाथ तू आया है खाली हाथ जायेगा आदि भजनों की प्रस्तुति दी। जबकि देर रात मेरठ से आये दीपेश कोहली ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रातः आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ दरबार सम्पन्न हुआ। दरबार में पहुंचे अतिथियों का आयोजक दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, भाजपा नेता उत्तम दत्ता,जसविंदर सिंह खरबंदा, हरीश अरोरा, किरन विर्क, बिट्टू चौहान, योगेश वर्मा, सोनू वर्मा, मयंक कक्कड़, महंत मनीष्ज्ञ सलूजा, आशु गुम्बर, राजकुमार जांगड़ा, कमल कक्के, विजय भूषण गर्ग, हरिकृष्ण अग्रवाल, विजय वाजपेयी, विराट आर्य, राधे सनातनी, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, डा. बठला, रविन्द्र वर्मा, बंटी गुप्ता, डा. तुषार मित्तल, राजेश मित्तल, मोहित चड्डा, मोहित बत्रा, मंदिर कमेटी के सरपरस्त भारत भूषण चुघ, अध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष प्रीतम यादव, मंत्री सोनू यादव, महामंत्री हरीश यादव, कोषाध्यक्ष विष्णु अरोरा,अमित अरोरा, संजय राजपूत, मिंटू शर्मा, राहुल सिंह, मनोज सिंह, पंकज खुराना, विश्वनाथ यादव, विशाल यादव, मिंटू यादव, ललित यादव, मदन यादव, राजेश यादव, बिल्लू, पवन, सोनू, अमित यादव, संजय सिंह, रामू सिंह, कार्तिक यादव, पंकज दीपक, शंकर, पवन, शिवम, शुभम, पिंटू, बबिता यादव, कम्मो यादव, भगवती देवी, मुनिया देवी, कलावती, रेखा यादव, मेघा यादव, हेमलता यादव, किरन यादव, वर्षा यादव, दीप माला, गीता यादव, शीतल यादव, पूनम, मुन्नी देवी, उषा यादव, आशा देवी, निशा यादव, गीता कोचर, बेबी, माया देवी, सारिका यादव, आशा, अनीता, मोनिका यादव, गायत्री, पूनम, सोनम आदि समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।





## उत्पीड़न में शामिल अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई:नवाब

### जन सुनवाई में 43 शिकायतों का हुआ निस्तारण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सर्किट हाउस काठगोदाम में अल्पसंख्यक आयोग को प्राप्त 55 शिकायतों में से 43 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपाध्यक्ष अल्प संख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने कहा कि आम जनमानस का उत्पीडन कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। जांच में उत्पीड़न में पाये जाने पर सम्बन्धित महकमे के अधिकारी के खिलाफ आयोग द्वारा कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।जन सुनवाई में भूमि विवाद, मुआवजा, पुलिस उत्पीड़न आदि की समस्याओं का निस्तारण मौके पर दोनो पक्षों को तलब कर किया गया। जनसुनवाई में अनुपस्थित एवं जांच में सहयोग नही करने पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। सर्किट हाउस काठगोदाम में उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब की अध्यक्षता में जनसुनवाई में सना परवीन निवासी नियाज गंज अल्मोडा ने बीए परीक्षा में बैक आने पर परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त अंकतालिका को दो वर्षों तक कुमाऊ विश्वविद्यालय द्वारा सना परवीन को उपलब्ध नही कराई गई। सना परवीन ने आयोग में शिकायत के पश्चात आयोग द्वारा कुल सचिव को सर्किट हाउस में तलब पर अंकतालिका दो वर्ष के पश्चात उपलब्ध कराई। जिस पर उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कुल सचिव को सचेत किया कि इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो। होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। शराफत हुसैन आजादनगर हल्द्वानी के पुत्र की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। शराफत हुसैन ने मुआवजा हेतु आयोग को मुआवजा हेतु सूचित किया। जिस पर आयोग के द्वारा 4 लाख की धनराशि विद्युत विभाग के द्वारा शराफत हुसैन को दिलाई। इकबाल लारी निवासी महुआखेडागंज उधमसिंह नगर विद्युत विभाग द्वारा बिजली सम्बन्धी बिल व चोरी दिखाकर उत्पीडन किये जाने का था। विद्युत विभाग द्वारा आरसी पहले काटी गई तथा आंकलन 25 दिनो के बाद किया गया। उपाध्यक्ष ने दोनो पक्षों की सुनवाई के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ उत्पीडन का केस दर्ज करने के निर्देश दिये और इकबाल लारी की समस्या का समाधान शीघ्र करने के भी निर्देश दिये। उपाध्यक्ष श्री नवाब ने कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न योजना चलाई जा रही है इन योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक पहुचे। उन्होने कहा कुछ एनजीओ द्वारा भष्टाचार में लिप्त होने के कारण लोगों को इन योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। उन्होने कहा जो एनजीओ जांच के पश्चात भष्टचार में लिप्त पाये जाते है उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इकबाल अहमद निवासी गदरपुर ने बताया कि पुलिस द्वारा उत्पीडन का केस दर्ज नही किया गया। आयोग द्वारा संज्ञान लेने के उपरान्त केस दर्ज किया गया। उपाध्यक्ष श्री नवाब ने कहा कि पुलिस महकमे की लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा भविष्य में इस प्रकार की शिकायत मिलने पर शासन स्तर से वार्ता कर सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जन सुनवाई में सचिव अल्पसंख्यक आयोग जेएस रावत, शमा परवीन के साथ ही अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी व विभिन्न महकमे के अधिकारी एवं शिकायत कर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षिका अंजू जोशी को ग्लोबल बेस्ट टीचर अवार्ड

लालकुआं (उद संवाददाता)।गांधीनगर वार्ड न 2 निवासी डॉ. अंजू जोशी को उत्तराखण्ड के माध्यमिक शिक्षा विभाग मे विज्ञान विषय की शिक्षिका डॉ.अंजू जोशी को ग्लोबल बेस्ट टीचर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है । डी.ए.वी. कॉलेज (त्रिभुवन यूनिवर्सिटी), काठमांडू, नेपाल में 7वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ग्लोबल अप्प्रोचेस इन एग्रीकल्चरल,बायोलॉजिकल, एनवायर मेंट एंड लाइफ साइंसेज फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अंजू जोशी को यह पुरस्कार विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर और नवाचार एवं अकादमिक एवं शोध में किये गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रदान किया गया है। डॉ.अंजू जोशी वर्तमान मे विद्यालयी शिक्षा माध्यमिक मे राजकीय इंटर कॉलेज नौला जिला. अल्मोड़ा मे विज्ञान विषय की शिक्षिका है तथा वें दुर्गम क्षेत्र के छात्र, छात्राओं मे वैज्ञानिक चेतना और चहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।विदित रहे कि डॉ. अंजू जोशी के शोध पत्र कई विख्यात राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं साथ ही अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनारो, कॉन्फ्रेंस और वर्कशॉप मे इन्होंने प्रतिभाग एवं शोध पत्र पढ़े है।



## चार जुआरी और एक सट्टेबाज गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अलग अलग स्थानों से खाईबाड़ी व जुआ खेलते करते पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चौकी भोटिया पड़ाव द्वारा चौकिग के दौरान वन विभाग द्वितीय गेट फुटपाथ वर्कशाप लाईन में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल कर जीत-हार की बाजी लगा रहे 04 व्यक्तियों के कब्जे से 52 पत्ते तास व फड़ से 2900 रूपये बरामद कर उक्त को जारी गिरफ्तार किया है। उक्त के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही की गई है। पकड़े गए जुआरियों में अमर सिंह वर्मा पुत्र मोहन लाल वर्मा निवासी वार्ड 2 राजेन्द्र नगर राजपुरा, अमरजीत सिंह पुत्र मनमोहन सिंह निवासी वार्ड 2 राजेन्द्र नगर राजपुरा,रिषभ आर्या पुत्र नन्द किशोर आर्या निवासी वार्ड नं0 2 राजेन्द्र नगर राजपुरा, अरविन्द सागर पुत्र हरीश सागर निवासी वार्ड 27 गांधी नगर, बनभूलपुरा शामिल है। पुलिस टीम में उनि देवेन्द्र सिह राणा चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव, कानि.प्रकाश सिंह थे। वहीं बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रिजाय खान पुत्र अब्दुल खान को उसके घर के पास लाइन नंबर 18 से सट्टे की खाई बाडी करते हुए पकड़ लिया। उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन गत्ता व नगदी 1440 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष, का. सुनील कुमार व मौ0 यासीन शामिल थे।

## नैनीताल हाईवे के सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित सोनिया होटल/यूपी बार्डर से जिला अस्पताल के नजदीक पेट्रोल पंप तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सौन्दर्यीकरण के रिडेवलेपमेंट प्लान सम्बन्ध में जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक हुई। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला ने बताया कि इस रिडेवलपमेंट प्लान में रा. राजमार्ग के दोनो ओर उपलब्ध भूमि में पार्किंग, ड्रैनेज, ग्रीन बेल्ट जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास किये जाने पर प्राधिकरण कार्य कर रहा है, इसी संबंध में आयोजित बैठक में कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण भी किया गया साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई व अन्य विभागों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। वीसी प्राधिकरण ने कहा कि विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए अन्य सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए कार्य को आगे बढाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा आगामी 50 वर्षों को दृष्टिगत रखते हुए ड्रैनेज प्लान व सर्विस लेन प्रस्ताव बनाये जायें तथा प्लान बनाते समय ड्रैनेज की चौडाई व ढाल को इस प्रकार बनाएं कि नियमित सफाई भी की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पी सी पाण्डे, यूपीसीएल विजय सकारिया, लो.नि.वि. ओ पी सिंह, साइट इंजी. रा. रा.प्रा. तुषार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पेपर लीक पर उठते सवाल

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि देश भर में जिन कुछ परीक्षाओं को सबसे पुख्ता इंतजामों के बीच कराए जाने और उनकी गुणवत्ता के लिए जाना जाता रहा है, आज धांधली या फिर पहले ही प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने की लगातार घटनाओं के बीच उनकी विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंच रही है। इन परीक्षाओं का आयोजन कराने वाली एजंसी की साख इस तरह गिर चुकी लगती है कि अब उसकी क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल है कि अगर यह स्थिति पिछले काफी समय से निरंतर बनी हुई है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है। गौरतलब है कि बुधवार को हुई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-नेट परीक्षा में कई स्तर पर हुई गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उसे रद्द करने की घोषणा कर दी। दरअसल, परीक्षा के अगले ही दिन यूजीसी को गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध कोआर्डिनेशन केंद्र से परीक्षा में गड़बड़ी होने के स्पष्ट संकेत मिले थे। अब मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने के साथ-साथ इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ को सौंप दी है। जाहिर है, अब समूचे मामले की जांच की प्रक्रिया चलेगी, लेकिन कितने दिनों में उसका नतीजा क्या आएगा, किसे कठघरे में खड़ा किया जाएगा, क्या कार्रवाई होगी, गड़बड़ी से बचाव के क्या इंतजाम किए जाएंगे, इसे लेकर कोई स्पष्टता शायद ही सामने आए! यूजीसी-नेट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। देश में अलग-अलग राज्यों में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी या प्रश्न पत्रों के पहले ही बाहर आ जाने की घटनाएं पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में रही हैं। यह तब है, जब इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पहले बहुस्तरीय और बारीक जांच की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु अंदर ले जाने की छूट नहीं होती। इसके बावजूद परीक्षा के प्रश्न पत्र कुछ आपराधिक तत्त्वों के हाथ लग जाते हैं और उनका संजाल ऊंची रकम लेकर इन्हें अभ्यर्थियों को बेचता है। जब एनटीए और संबंधित महकमों की ओर से हर स्तर पर चौकसी बरतने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने का दावा किया जाता है, तब इतनी गंभीर गड़बड़ी कैसे संभव हो पाती है? अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल ही में जब नीट की परीक्षा में धांधली की खबर सामने आई, तब केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पहले उससे इनकार कर दिया था। मगर बाद में जब इस मामले में कुछ माफिया की गिरफ्तारी हुई, तब जाकर यह कहा गया कि कुछ गड़बड़ी हुई है। सवाल है कि धांधली की खबरें आने के बाद उस पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के बजाय उसे नजरअंदाज करने, पर्दा डालने या फिर उस पर राजनीति की कोशिशों को कैसे देखा जाएगा! जिन परीक्षाओं में लाखों विद्यार्थी एक उम्मीद लेकर तैयारी करते हैं, उनके प्रश्न पत्रों को बाहर निकाल कर लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले माफिया या आपराधिक तत्त्वों की पहुंच कैसे परीक्षाओं के आयोजन से जुड़े उस तंत्र तक हो जाती है, जो पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ परीक्षा आयोजित कराने का दावा करता है? बीते कुछ समय से जिस तरह लगातार इन परीक्षाओं में धांधली की घटनाएं सामने आ रही हैं, उसमें इनकी विश्वसनीयता को लेकर कैसी राय बनेगी और इसके लिए किसकी जवाबदेही तय की जाएगी?

# पिछले 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर आये 4.12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु

## वर्ष 2000 से 2023 तक सर्वाधिक 1.74 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आये बद्रीनाथ

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड गठन के वर्ष 2000 से पिछले वर्ष 8 जुलाई 2023 तक 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर 4 करोड़ 12 लाख 53 हजार 952 श्रद्धालु आये जिसमें सर्वाधिक 1 करोड़ 74 लाख 74 हजार 38 बद्रीनाथ, 1 करोड़ 11 लाख 30 हजार 80 केदारानाथ, 69 लाख 12 हजार 27 गंगोत्री तथा 57 लाख 37 हजार 807 ने यमुनोत्री धाम की यात्रा की है। यह खुलासा उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड शासन से वर्ष वार चार धाम यात्रा सम्बन्धी आंकड़ों की सूचना मांगी थी। इसे उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा हस्तांतरित होने पर लोक सूचना अधिकारी /संयुक्त निदेशक पर्यटन योगेन्द्र कुमार गंगवार ने वर्ष 2000 से 8 जुलाई 2023 तक चारधाम यात्रा में आये यात्रियों/श्रद्धालुओं की वर्षवार संख्यिकी विवरण की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर कुल 4 करोड़ 12 लाख 53 हजार 952 श्रद्धालु आये है। जिसमें वर्ष 2000 में 1292411, वर्ष 2001 में 809266, वर्ष 2002 में 790211, वर्ष 2003 में 996424 वर्ष 2004 में 1040155, वर्ष 2005 में 1341304, वर्ष 2006 में 1662935, वर्ष 2007 में 1942785, वर्ष 2008 में 2199608, वर्ष 2009 में 1904239, वर्ष 2010 में 1942232, वर्ष 2011 में 2440855, वर्ष 2012 में 2468838,



वर्ष 2013 में 1273553, वर्ष 2014 में 290509, वर्ष 2015 में 804008, वर्ष 2016 में 1404707, वर्ष 2017 में 2192647, वर्ष 2018 में 2622325, वर्ष 2019 में 3240882, वर्ष 2020 में 321906, वर्ष 2021 में 509503, वर्ष 2022 में 4437028 तथा वर्ष 2023 में 08 जुलाई 2023 तक 3325621 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुये। पिछले वर्षो में बद्रीनाथ धाम में 1 करोड़ 74 लाख 74 हजार 38 यात्री आये है जिसमें वर्ष 2000 में 695332, वर्ष 2001 में 430065, वर्ष 2002 में 448597, वर्ष 2003 में 543943, वर्ष 2004 में 500579, वर्ष 2005 में 566224, वर्ष 2006 में 695242, वर्ष 2007 में 768107, वर्ष 2008 में 1075583, वर्ष 2009 में 798204, वर्ष 2010 में 921526, वर्ष 2011 में 936172, वर्ष 2012 में 1046619, वर्ष 2013 में 476430, वर्ष 2014 में 159575, वर्ष 2015 में 366455, वर्ष 2016 में 654355, वर्ष 2017 में 920466, वर्ष 2018 में 1048051, वर्ष 2019 में 1244993, वर्ष 2020 में 155055, वर्ष 2021 में 199409, वर्ष 2022 में 1763549 तथा वर्ष 2023 में 08 जुलाई 2023 तक 105907 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुये। पिछले वर्षों में केदारनाथ धाम आने वाले कुल 1 करोड़ 11 लाख 30 हजार 80 यात्रियों में वर्ष 2000 में 300000, वर्ष 2001 में 193628, वर्ष 2002 में 169217, वर्ष 2003 में 234497, वर्ष 2004 में 276406, वर्ष 2005 में 382973, वर्ष 2006 में 487003, वर्ष 2007 में 557423, वर्ष 2008 में 470048, वर्ष 2009 में 403636, वर्ष 2010 में 400511, वर्ष 2011 में 570601 वर्ष 2012 में 573052, वर्ष 2013 में 333774, वर्ष 2014 में 40946, वर्ष 2015 में 154435, वर्ष 2016 में 309764, वर्ष 2017 में 471235, वर्ष 2018 में 731991, वर्ष 2019 में 1000021, वर्ष 2020 में 135349, वर्ष 2021 में 243012, वर्ष 2022 में 1563275 तथा वर्ष 2023 में 08 जुलाई 2023 तक 1127283 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुये। गंगोत्री धाम की यात्रा करने वाले कुल 69 लाख 12 हजार 27 यात्रियों में वर्ष 2000 में 208407, वर्ष 2001 में 131499, वर्ष 2002 में 118474, वर्ष 2003 में 139934, वर्ष 2004 में 160839, वर्ष 2005 में 223061, वर्ष 2006 में 263807, वर्ष 2007 में 329385, वर्ष 2008 में 326366, वर्ष 2009 में 380157, वर्ष 2010 में 310561, वर्ष 2011 में 485137 वर्ष 2012 में 435552, वर्ष 2013 में 210239, वर्ष 2014 में 51694, वर्ष 2015 में 160192, वर्ष 2016 में 285459, वर्ष 2017 में 408738, वर्ष 2018 में 447838, वर्ष 2019 में 530334, वर्ष 2020 में 23774, वर्ष 2021 में 33771, वर्ष 2022 में 624516 तथा वर्ष 2023 में 08 जुलाई 2023 तक 622393 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुये। यमुनोत्री धाम की यात्रा करने वाले कुल 57 लाख 37 हजार 807 यात्रियों में वर्ष 2000 में 88672, वर्ष 2001 में 54074, वर्ष 2002 में 54023, वर्ष 2003 में 78050, वर्ष 2004 में 102331, वर्ष 2005 में 169046, वर्ष 2006 में 216883, वर्ष 2007 में 287870, वर्ष 2008 में 327611, वर्ष 2009 में 322242, वर्ष 2010 में 309634, वर्ष 2011 में 448945 वर्ष 2012 में 413615, वर्ष 2013 में 253110, वर्ष 2014 में 38294, वर्ष 2015 में 122926, वर्ष 2016 में 155129, वर्ष 2017 में 392208, वर्ष 2018 में 394445, वर्ष 2019 में 465534, वर्ष 2020 में 7728, वर्ष 2021 में 33311, वर्ष 2022 में 485688 तथा वर्ष 2023 में 08 जुलाई 2023 तक 516438 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुये।

# कूड़ा संग्रह केंद्र से हटाया अतिक्रमण

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत,राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ कूड़ा संग्रह केंद्र की भूमि पर अतिक्रमण हटवा दिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम सरोवर नगर में कुछ वर्ष पूर्व जल निगम ने कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण कराया था जिला पंचायत की देखरेख में केंद्र पर गदरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायतों से लाकर गीले और सूखे कूड़े को पृथक किया जाता था । केंद्र की भूमि पर स्थानीय एक व्यक्ति ने जानवरों को खिलाने के लिए चारा बो दिया और ईंटें



आदि रखकर अतिक्रमण कर लिया। बृहस्पतिवार को जिला पंचायत के कार्यकारी अधिकारी हरिमोहन, नायब तहसीलदार में देवेंद्र सिंह बिष्ट एवं एस आई नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम मौके पर पहुंची हरिमोहन ने बताया कि कूड़ा संग्रह केंद्र के लिए राजस्व विभाग ने भूमि उपलब्ध कराई थी जो अभिलेखों में वर्ग पांच में दर्ज है अतिक्रमण कारियों को तलब कर बोए गए चारे को तत्काल कटवाने के निर्देश देते हुए ईंटों के ढेर को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया । इस दौरान राजस्व निरीक्षक मंगतराम कंबोज,एई मोहन सिंह विष्ट ,रोहित भट्ट, मनीष सहगल ,लेखपाल नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

# जला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र ने मनाया स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र में सक्षम का 16वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। स्थापना दिवस पर जिला विधिक प्राधिकरण सचिव सचिन पाठक ने दिव्यांगों को न्यायालय के माध्यम से दी जा रही निशुल्क कानूनी सहायता पर विस्तृत चर्चा की। श्री पाठक ने बताया कि दिव्यांगों, बृद्ध जनों ,समाज के दबे कुचले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों, मानसिक रोगियों, विधवा परितक्य महिलाओं आदि को सरल व सुगम न्याय दिलाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर है। मानसिक रोगियों , दिव्यांगों, आदि को नियमानुसार निशुल्क परामर्श एवं कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। चर्चा में डॉक्टर एल.एम, उप्रेती एवं जिलाध्यक्ष सक्षम महेश चन्द्र पन्त तथा वरिष्ठ एडवोकेट चंदोला ने भी भाग लिया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन पाठक को दिव्यांगों, मानसिक रोग आदि पीड़ित लोगों को



कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के बेहतरीन प्रयासों के लिए सक्षम की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांत संरक्षक सक्षम एवं प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख डॉ ललित मोहन उप्रेती ने कहा कि सक्षम राष्ट्र के दिव्यांगों के सशक्तिकरण पुनर्वास तथा दिव्यांग अधिकार अधिनियम से आच्छादित सुविधाओं को , सक्षम के माध्यम से, दिव्यांगजनों तक पहुंचाने व उनका हर प्रकार से यथासंभव सहयोग करने के प्रति कृतसंकल्प है। दिव्यांग शांति गिरी गोस्वामी ने स्थानीय सिडकुल में स्थापित औद्योगिक संस्थानों में दिव्यांगों को उनकी योग्यता व शारीरिक क्षमताओं के अनुसार कार्य देकर , आत्मनिर्भर बनाने में, सक्षम से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर जिला सक्षम इकाई में का विस्तार करते हुए भुवन मंडल को जिला युवा उप प्रमुख एवं मिलन राय को जिला सह-सचिव ऊधम सिंह नगर का दायित्व सौंपा गया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला ऊधम सिंह नगर में जिला कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध कराने, पूर्व में दिव्यांग हितों में उत्तराखंड शासन व स्थानीय प्रशासन को दिए गए ज्ञापनों पर अविलंब कार्रवाई करने ,दिव्यांगों के उत्पीड़न, उपेक्षा रोकने व उनके चिन्हीकरण यूडीआइडी कार्ड आदि में गतिशीलता प्रदान करने, जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर के उच्चीकरण आदि किए जाने संबंध ी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए।

# बहू के खिलाफ सास ने लिखाई रपट ,जीजा से रचा ली शादी

काशीपुर(उद संवाददाता)। विधवा बहू के आतंक से त्रस्त एक सास ने पुलिस को तहरीर देकर बहू के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। जीत कालोनी, महेशपुरा, काशीपुर निवासी सोमवती पत्नी रामऔतार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे दीपक कुमार की मृत्यु हो गई है और उनकी बहू संतोष ने उनके बेटे की मृत्यु के बाद अपने जीजा तीरथ सिंह से शादी कर ली है जो जोर जबरदस्ती से शादी के बाद भी उनके घर पर रह रही है और आये दिन उनके साथ गाली-गलौच व मारपीट करती है। 20 जून 2024 की सुबह 9.30 बजे भी उसने उनके साथ गाली-गलौच मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। सोमवती ने अपनी बहू के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। सोमवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संतोष के खिलाफ धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# केवीएस प्रीमियर फाउंडेशन ने लगाया योग शिविर

काशीपुर(उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केवीएस प्रीमियर फाउन्डेशन (काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा० लिमिटेड एवं देवार्पण फूड्स प्रा० लि०) द्वारा प्रायोजित, सहप्रायोजक भारतीय खेल प्राधिकरण, काशीपुर एवं रोटरी क्लब आफ काशीपुर एवं महिला पतजलि योग समिति, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर पश्चिम, काशीपुर द्वारा एक विशाल योग शिविर का आयोजन प्रात: 5:00 से 7:00 बजे तक स्पोर्टस स्टेडियम, रामनगर रोड, काशीपुर में किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक केवीएस प्रीमियर फाउन्डेशन के संस्थापक देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, श्रीमति रेखा अग्रवाल, अर्पण जिन्दल, बी.पी. गोयल एवं महिला पंतजलि योग समिति की राज्यकार्यकारिणी सदस्या श्रीमति कमला रिखाडी आदि ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ



किया। योग साधना के उपरान्त शिविर में उपस्थित सभी साधकों को केवीएस प्रीमियर ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक देवेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा सम्बोधित किया गया तथा उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन परम्परा है, योग विभिन्न रोगों और विकारों में अत्यन्त लाभदायक है तथा योग जीवन का एक समग्र तरीका है जो प्राचीन ज्ञान के सभी तत्वों को एकीकृत करता है ताकि प्रार्थनापूर्वक अनुशासनमय रहते हुए शरीर, मन और आत्मा को एक कर सके। योग की सुन्दरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बूढे या युवा स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारिरिक अभ्यास लाभप्रद है और यह सभी को उन्नति की ओर ले जाने में सहायक होता है। योग के नियमित अभ्यास ने अभ्यासियों की जीवन शैली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है तथा पुरानी बीमारियों से राहत का अनुभव भी किया। योग दिवस विश्व के लगभग 172 देशो में मनाया जा रहा है जिसमें भारत नेअपना योग गुरू होने का प्रमाण दिया है। शिविर में स्कूली छात्र-छात्रों द्वारा सगीतमय योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार आदि योग कलायें प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शिविर के प्रायोजक केवीएस प्रीमियर फाउन्डेशन का आभार व्यक्त किया गया।

# काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज व भाविप ने मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेद कॉलेज एवं भारत विकास परिषद, शाखा काठगोदाम के संयुक्त तत्वाधान मे अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम काया कॉलेज के परिसर मे संपन्न हुआ। जिसका शुभारम्भ एमडी अशोक योगिता पाल, प्राचार्य डॉ. विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, डॉ. सुभाष चन्द्र ने दीप प्रज्वलन कर किया। योग शिक्षिका रश्मि कर्नाटक एवं टीम ने सभी को पहले सूक्ष्म व्यायाम, फिर आसन एवं योग एवं फिर प्राणायाम का अभ्यास कराया। सभी ने



विभिन्न असानो एवं अनुलोम विलोम आदि प्राणायाम की विधाओं का अभ्यास किया एवं रश्मि कर्नाटक ने योग की सूक्ष्म रहस्ययों का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम मै प्रांतीय संगठन सचिव डॉ. विनय खुल्लर, दीपक माहेश्वरी, नारायण पाल, अशोक योगिता पाल, अनीता चन्द्र, सचिव नीलम रमेश शर्मा, ममता खुल्लर, महिला संयोजका गरिमा विशाल सिंघल, सुजाता, अनुज माहेश्वरी, रश्मि जैन, सुशील नीतू मित्तल, नीलम बाटला, ज्योति जोशी, अमित, सुंदरम भंडारी, अनवर, आदित्य, नरेन्द्र, सतेंद्र सिंह, रमन अरोरा, हिताक्षी, हेमा आदि उपस्थित थे।

# राउंड टेबल रूद्रपुर ने प्राथमिक स्कूल में कराया दो कक्षा कक्षों का निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राउंड टेबल इंडिया की रुद्रपुर शाखा राउंड टेबल 335 ने प्राइमरी पाठशाला, नवीन देवरिया में दो क्लासरूम ब्लॉक का निर्माण कराया है। इनका शुभारम्भ विधायक तिलकराज बेहड द्वारा किया गया। इस अवसर पर राउंड टेबल इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट टेबलर रोबिन अग्रवाल ने विधायक बेहड़ का अभिनन्दन किया। एरिया 10 के चेरमन विपुल ने रुद्रपुर राउंड टेबल को इस शुभ कार्य के लिए बधाई दी। एरिया 8 के चेयरमैन संकेत बगला ने अपने कार्यकाल में रुद्रपुर राउंड टेबल 335 द्वारा इस कार्य का निर्माण कर समाज की कक्षा बनाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए रुद्रपुर टेबल को बधाई दी। एरिया 8 के सेक्रेटरी टेबलर निखिल अग्रवाल,नेशनल कॉर्पोरेट कन्वेनर टेबलर तुषार अग्रवाल,लेडीज सर्किल इंडिया की चेयरपर्सन सर्कुलर चौरील संतोष ने भी आये हुए सभी सम्मानित लोगों को अभिनन्दन का रुद्रपुर टेबल को बधाई दी। रुद्रपुर टेबल के चेयरमैन टेबलर पियूष



मित्तल ने आये हुए सभी वरिष्ठ अतिथियों को इस सुअवसर पर आने के लिया ध न्यवाद किया एवं भविष्य में ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ का भाग लेने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की। उद्घाटन के दौरान स्कूल के बच्चे, शिक्षक एवं राउंड टेबल इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट टेबलर रोबिन अग्रवाल, एरिया 8 के चेयरमैन टेबलर संकेत बागला, एरिया 8 के सेक्रेटरी टेबलर निखिल अग्रवाल, लेडीज सर्किल इंडिया की चेयरपर्सन सर्कुलर चैरील संतोष, रुद्रपुर टेबल के चेयरमैन टेबलर पियूष मित्तल, उपाध्यक्ष रजत मित्तल, सेक्रेटरी गौतम साहनी, कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग, आईपीसी विक्रम अग्रवाल एवं रुद्रपुर राउंड टेबल के सदस्य अमित, आयुष, गौरव, जयदीप, सिद्धार्थ, हरदीप, गुरजीत, श्याम, अंकित, सौरभ, अंकुर, चिरंजीव, राहुल वैभव, अक्षत के अलावा रुद्रपुर लेडीज सर्किल 188 से रीमा अरोरा, ऋचा, विदुषी, सिल्की, आकांशा एवं सागरिका भी मौजूद रहे।

# आईटीआई में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योगों/संसाधनों के अनुरूप रोजगार के सीमित अवसरों के दृष्टिगत यह महत्वपूर्ण है कि प्रदेश के नौजवानों में उनकी शैक्षिक अर्हता तथा रूचि के अनुरूप किसी क्षेत्र में कौशल के विभिन्न प्रस्तरों का समावेश किये जाने हेतु प्रयास किया जाये ताकि प्रदेश की औद्योगिक ईकाईयों वाले मैदानी जिलों सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष एवं उस क्षेत्र विशेष में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का पूर्णरूपेण उपयोग किये जाने के लिये नौजवानों को गुणवत्तायुक्त कौशल प्रशिक्षण से सक्षम बनाया जा सके। इसी क्रम में एनसीवीटी मान्यता प्राप्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के अन्तर्गत शैक्षिक अर्हता (आठवी/दसवीं उत्तीर्ण) के आधार पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया से प्रारम्भ की गयी है तथा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरे जाने के लिए जिले के नोडल संस्थानों में फेसिलिटेशन सेन्टर स्थापित किये गये हैं। सत्र 2024-25 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# चुघ ने परिजनों के साथ किया योग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूरे देश में उत्साह रहा।देश के विभिन्न हिस्सों में तमाम राजनेताओं और प्रशासनिक अधि कारियों ने भी योग के इस दिवस पर अपना योगदान दिया। रुद्रपुर में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपने परिजनों के साथ योग किया हालांकि उन्होंने बताया कि पैर की चोट की वजह से उन्हें कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उनकी



बेटी नव्या चुघ योग में गोल्ड मेडलिस्ट रही है ऐसे में चुघ नेअपने परिवार के साथ ही योग किया।उन्होंने कहा कि योग दिवस में देश में एक नई क्रांति लाई है क्योंकि योग मनुष्य के जीवन को एक अलग ही अनुभूति देता है जिससे मनुष्य जीवन भर स्वस्थ रहता है। इस दौरान भारत भूषण की पत्नी पूजा पुत्र नमन, नयन मौजूद थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरियां लापता

## हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोग पहुंचे कोतवाली

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र से दो किशोरियां लापता हुई हैं। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने थाने में पहुंच कर पुलिस से उनकी बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने धर्म विशेष के युवकों द्वारा किशोरियों को भगाने की आशंका जताई है। बहरहाल पुलिस किशोरियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली दो पड़ोसी किशोरियां 20 जून की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर परिजन पुलिस की शरण में पहुंचे और बरामदगी



की गुहार लगाई। इधर इस मामले में हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने बनभूलपुरा थाना पहुंच कर किशोरियों की बरामदगी की मांग की। उन्होंने धर्म विशेष के युवकों द्वारा धर्म विशेष के युवकों द्वारा किशोरियों को भगाने की आशंका जताई है। इस मामले में सीओ नितिन लोहनी का कहना है कि किशोरियों की खोजबीन की जा रही है।

# मारपीट कर घर से नगदी चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक महिला ने युवती पर घर में घुसकर मारपीट और हजारों की नगदी चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में विकास नगर, कुसुमखेड़ा निवासी कांता जोशी पत्नी स्व. हरिदत्त जोशी ने कहा है कि बीती 19 जून को उसके घर में एक युवती घुस आईऔर मारपीट पर उतारू हो गई। आरोप है कि वह घर में रखे करीब 14 हजार रुपये चोरी कर भाग गई। भागते समय महिला का पैन कार्ड उसके घर में गिर गया। जिसमें उसका नाम जसलीन कौर अंकित है। इतना ही नहीं वह स्कूटी संख्या यूके04एजी- 2603 मौके पर छोड़कर भागी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महाविद्यालय में छात्र पर जानलेवा हमले से हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय परिसर में गत दिवस उस समय छात्र छात्राओं में हड़कम्प मच गया जब कुछ युवकों ने एक छात्र पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। भूरारानी निवासी लक्ष्य दिवाकर पुत्र रामेश्वर दिवाकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महाविद्यालय के छात्रों का एक व्हाट्स ग्रुप है। ईद में दूसरे समुदाय के छात्र ने ईद की बधाई दी। इस पर उसने जीव हत्या पर अपनी भावना व्यक्त कर दी। इससे नाराज होकर कुछ छात्र उससे रंजिश रखने लगे। लक्ष्य का आरोप है कि गुरूवार की दोपहर महाविद्यारलय में मौजूद था इसी दौरान दूसरे समुदाय के करीब आधा दर्जन छात्र अचानक वहां पर आ पहुंचे और उस पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। वहां मौजूद अन्य छात्रों ने उसकी जान बचाई। लक्ष्य का आरोप है कि हमलावर छात्र उसका सिर काटने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पेज एक का शेष...

**योग के रंग में** ...अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिला अधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने सिटी क्लब में आयोजित योग कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सभी ने 10वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि योग कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है साथ ही प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को शामिल कर स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय के साथ ही अन्य स्थानों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सरकार द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं, योग प्रशिक्षकों द्वारा शिविर लगाकर तथा स्कूल, कालेजों में जाकर भी योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए अपनी जीवनशैली में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर लचीला व मजबूत बनता है और रोग प्रतिरोधन क्षमता बढ़ने के साथ ही शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि योग तनाव को दूर रखने व रक्त-सचांर को सही रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए सभी को अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्ष पूर्व जो योग दिवस की घोषणा की आज पूरे विश्व के लगभग 190 देशों ने योग को अपनाया है व आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि योग एक माध्यम है भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का व भारतीय गौरव को पूरे विश्व में पुनर्स्थापित करने का। उन्होंने योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उत्साह के साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग के माध्यम से शरीर को अनेक लाभ मिलते है। कहा कि दैनिक जीवन में योग को महत्व देने से जीवन अनुशासित रहने के साथ-साथ मन शांत रहता है। नोडल अधिकारी एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला ने बताया कि इस बार 10वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ''स्वयं एव समाज के लिए योग'' थीम पर मनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोगों द्वारा योगाभ्यास किया गया। सिटी क्लब में आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसन ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, जानु चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशसकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, शवासन तथा प्राणायाम कपालभांति, नाड़ीशोधन, शीतली, भ्रामरी आदि कराए गए। इस दौरान 'जल संरक्षण अभियान' के तहत विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा, जिला अधिकारी उदयराज सिंह, वीसी अभिषेक रूहेला व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के द्वारा सिटी क्लब परिसर में पौधारोपण भी किया गया। योग कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, एसपी मनोज कत्याल, चन्द्रशेखर घोड़के, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज शुक्ल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत, युवा कल्याण अधिकारी बी एस रावत, अधि शासी अभियंता लो.नि.वि. ओ पी सिंह सहित स्कूली बच्चे व गणमान्य, अधिकारी व जनता शामिल थे। **नैनीताल**- योग दिवस पर नैनीताल के फ्लैट्स मैदान स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में छात्र छात्राओं, नेताओं और अधिकारियों का तांता लग गया। आयोजकों ने जमीन पर मैट लगाकर योग आसन की व्यवस्था की थी। योगाचार्य ज्योति कुलयाल ने लगभग एक घंटे तक सभी लोगों को योग कराए। इस मौके पर मुख्य अतिथि अजय भट्ट के साथ विधायक सरिता आर्या, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश भट्ट, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू और दिनेश आर्या, गोपाल सिंह रावत, पूरन मेहरा, विमला अधिकारी, गजाला कमाल, कविता साह गंगोला, नितिन कार्की, अरविंद पडियार, दयाकिशन पोखरिया, मारुति साह, किशोर पाल, भगवत मेर, शैलेन्द्र आदि मौजूद थे।इस अवसर पर सी.आर.एस.टी., रामनगर दून स्कालरशिप पब्लिक स्कूल, एस.डी.एल., मदर्स हार्ट, भारतीय शहीद सैनिक स्कूल, बालिका इंटर कॉलेज आदि के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रशासन की तरफ से सी.डी.ओ.अशोक पाण्डे, हल्द्वानी नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, एस.डी.एम.प्रमोद कुमार, क्रीड़ाधिकारी प्रेमा पंत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने कहा कि ययोग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ये गलत कर्मों से बचाकर अच्छे कर्मों की तरफ ले जाता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि योग को लेकर जो लोग पी. एम.नरेंद्र मोदी की मजाक बनाते थे, आज वो भी इसके फायदे लेने के लिए मुंह छुपाकर इसे करने जा रहे हैं। उन्होंने मंच से योग के गणित को बताते हुए कहा कि जैसे 2+2=1 होता है, वैसे ही योग का भी महत्व होता है।

**व्यापारियो ने बैंक** .. अंज्ञात व्यक्ति को दे दिया था। जिस पर बैंक कर्मचारियों की इस हरकत के सम्बन्ध में नाराजगी जाहिर की तो शाखा के मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि भुगतान जल्द ही आपके खाते में आ जायेगा। हम प्रयास कर रहे है। राजेंद्र ने बताया कि उसके साथ छेड़छाड़ करके एक लाख रुपए का भुगतान पंजाब नैशनल बैंक, शाखा-बिलासपुर से आरटीजीएस के माध्यम से किसी अज्ञात गुरुदित्ता सिंह के खाते में हस्तान्तरित कर दिया गया है। खाते में काफी दिन तक रुपए ना आने पर पुनः बैंक मैनेजर से सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा लिखापढ़ी कर रहे हैं जल्द ही आपके खाते में धनराशि प्राप्त हो जायेगी। उसके बाद से बैंक मैनेजर द्वारा उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाने लगा है, जिससे प्रतीत होता है कि उपरोक्त चौक की धनराशि को हड़पने में केनरा बैंक मुख्य शाखा-सिविल लाईन के मैनेजर व कर्मचारी और पंजाब नैशनल बैंक, शाखा-बिलासपुर के कर्मचारी/अधिकारी संलिप्त है, जिनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। घेराव करने वालों में राजकुमार सीकरी, संदीप राव, जतिन नागपाल, मनोज छाबड़ा, बजरंग गर्ग, गौरव गांधी, अंशुल अग्रवाल, राजेंद्र झाम, महेंद्र झाम, संदीप चावला, हरिओम कक्कड़, सुखविंदर सिंह, गौरव जग्गा, संजीव ग्रोवर, अमरजीत सिंह आदि शामिल थे।

**भाजपा नेता पर ब्लैकमेलिंग...**इज्जत बचाने के लिए वह सब कुछ सहती रही। कई बार उसे वह अलग अलग होटलों में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गयी। आरोपी धमकी देकर कहता है कि वह वकील है और भाजपा का नेता है इसलिए उसका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। पीड़िता का कहना है कि उक्त व्यक्ति से उसे और उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। इस सम्बंध में पूर्व में शिकायत थाना ट्रांजिट कैम्प में भी दी गई थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसएसपी से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है।

**केजरीवाल को झटका...** ने पीएमएलए की धारा 45 का हवाला दिया है। एएसजी राजू ने कहा कि हमारा मामला काफी मजबूत है। उन्होंने सिंघवी की मौजूदगी का विरोध किया। इससे पहले ईडी के वकील ने आज ही हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की थी। ईड की तरफ से एएसजी राजू और वकील जोएब हुसैन हाईकोर्ट मे मौजूद रहे। दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहे। हाईकोर्ट से केजरीवाल की जमानत पर रोक लगाए जाने के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए। अभी ट्रायल कोर्ट का आदेश ही नहीं आया। आदेश की कॉपी भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी हाईकोर्ट में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई?

**कैबिनेट मंत्री जोशी...**जोशी ने बताया कि बहल चौक पर अज्ञात वाहन के आगे आने से यह दुर्घटना हुई और वाहन को बचाने के लिए लगाए गए इमरजेंसी ब्रेक के चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मंत्री पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। हालाकि चिकित्सकों द्वारा मंत्री की गर्दन का एक्सरे करवाया गया, सभी प्रकार की जाँच ठीक होने के बाद उन्हें चिकित्सकों द्वारा उनकी सामान्य जाँच के बाद घर भेज दिया है।

**कांग्रेसियों ने फूंका...**के बाद भी छात्र वंचित रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और नकल विहीन परीक्षाएं कराने का दावा कर रही है तो वहीं लगातार पेपर लीक होने के मामले सरकार के दावों की पोल खोलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ हमेशा सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गदरपुर में दसवाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही उत्साह से मनाया गया।इस अवसर पर नगर के लोगों ने भारी संख्या में योग शिविर में भाग लिया।आवास विकास स्तिथ डॉ हेडगेवॉर पार्क में एकत्रित साधकों को योग शिक्षक छाबड़ा तथा आशीष कश्यप ने विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएँ सिखायीं।तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया।ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने भी योग के धर्म के साथ प्रयोग पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम समापन पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघचालक दीपक सुधा ने भारी संख्या में आये साधकों का आभार प्रकट किया।तथा योग को नित्यजीवन में उतारने का आह्वान किया।इस अवसर पर नगर कार्यवाह जीवन जोशी,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज,भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष एवम् कार्यक्रम संयोजक बंटी छाबड़ा ,विधायक अरविंद पांडे,विनोद चुग, प्रमोद बजाज,गुंजन सुखीजा,डॉ विनीत अरोड़ा,राजीव ग्रोवर,पंकज सेतिया, दर्शन नेगी,रमन छाबड़ा,धीरज पंत, रिया छाबड़ा,शीतल छाबड़ा, सीमा चौधरी, सुरेश खुराना,अजय आहूजा, दीपक बेहड़, विकास तनेजा, अजय फोगाट, जीवन कांडपाल, सुभाष शर्मा, नन्द किशोर, सुभाष गुंबर,मनोज गुम्बर सहित सैकड़ों की संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में नियमित योग करने की ली शपथ

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में विश्व योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के रोवर-रेंजर इकाई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में योगाभ्यास तथा स्वास्थ्य विषयक एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास करके, स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से योगा करने हेतु शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रोवर-रेंजर इकाई प्रभारी प्रमोद वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर अर्चना वर्मा, डॉ हरिप्रसाद, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में विजय गिरी श्री गौरव जोशी,मनोज पनेरु श्रीमती नीतू सिंह तथा छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।










# एसएसपी के साथ पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाईन में किया योग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन और जनपद के समस्त थाना चौकियों में पुलिस अधिकारीकर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में पुलिस कार्यालयों शाखाओं व जनपद के समस्त थाना चौकियों में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद मुख्यालय के पुलिस लाईन में आयोजित योग शिविर कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सहित जनपद के राजपत्रित अधिकारी और पुलिस लाईन और फायर यूनिट रुद्रपुर और पंतनगर में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया गया। जनपद के समस्त थाना चौकियों में पुलिस कर्मियों द्वारा योग के माध्यम से आम जनमानस को अपने जीवन में योग अपना कर शारीरिक ब्याधियों से मुक्त रहने हेतु प्रेरित किया गया। योगाभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा सूर्य नमस्कार, पद्मासन, वज्रासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम- विलोम प्राणायाम, कपालभाति व अन्य आसन किये गये। उन्हें बताया गया कि योग का सामान्य अर्थ है जोड़ना। आध्यात्मिक सन्दर्भ में आत्मा को परमात्मा से जोड़ना योग है। इस दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी द्वारा योगाभ्यास कराने वाले योग प्रशिक्षकों को सम्मान चिन्ह दिया गया व अच्छे कार्यक्रम हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





# आरएएन स्कूल में गुरूजनों संग बच्चों ने किया योगा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।आरएएन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें अनेक अध्यापक, 6 विभिन्न स्कूलों के 263 एनसीसी एयर विंग कैडेट व अन्य विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ओम व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुईद्य इस अवसर पर विद्यार्थियों ने "योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को कैसे ठीक रखा जा सकता है" के लिए अनेक प्रकार के योगासन किए। विद्यालय की योग प्रशिक्षिका सुनीता जयसवाल ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी एयर विंग कैडेट को अंतर्राष्ट्रीय योग नियमों के अनुसार योग आसन करवाए। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच के राय, प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या भावना भनोट भी उपस्थित रहे। प्रबंधक मोहित राय ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को योगाभ्यास से होने वाले लाभों के संबंध में जागरूक करते हुए योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदा के बारे में बताया व प्रतिदिन योगा करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने कहा कि योग अभ्यास सभी को मानसिक और शारीरिक शक्ति प्रदान करता है। इससे न केवल स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। नियमित योग अभ्यास द्वारा अपनी आंतरिक ऊर्जा को पहचान कर जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को सशक्त बनाया जा सकता हैद्य उन्होंने सभी को प्रतिदिन योगा करने के लिए प्रोत्साहित कियाद्य कार्यक्रम का समापन सूक्ष्मजलपान के साथ किया गया।





# रामनगर में कई स्थानों पर आयोजित हुए योग शिविर

रामनगर(उद संवाददाता)।शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान योग शिविर में मौजूद लोगों द्वारा योग आसन की विभिन्न क्रियाएं करते हुए सभी को योग के प्रति जागरूक किया गया कोसी बैराज स्थित ग्रीन वैली रेस्टोरेंट प्रांगण में योगा



ग्रुप रामनगर तथा राजकीय पशु चिकित्सालय प्रांगण में सहज योग्य के माध्यम से मौजूद लोगों को योग करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही विभिन्न जानकारियां दी गई तथा सभी से अपने शरीर के प्रति स्वस्थ व सजग रहने के साथ ही योग के माध्यम से निरोग रहने की अपील की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक लोग भी मौजूद रहे।

# आर्मी कैंट में योग शिवर का आयोजन किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्मी कैंट में योग शिविर का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें योग को अपनाना बहुत ही जरूरी है। क्योंकि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिक को प्रकृति से जोड़कर आन्तरिक और बाहरी ताकत को बढ़ावा देने का कार्य करता है।नियमित रूप से योग करने वाले व्यक्तियों के लिए योग एक बहुत ही अच्छा अभ्यास है जो सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ जीवन शैली के साथ बेहतर जीवन जीने में हमारी सहायता करता है। इस दौरान योग करने में समस्त सैन्य अधिकारी गण सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनीष साहू, नन्दकिशोर आर्या, जय जोशी, रोहतास प्रजापति, सूरज मिस्त्री, दीपक कुमार, सुशील राय उपस्थित रहे।



# शहीद पार्क में मनाया योग दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहीद पार्क नयी टंकी आवास -विकास में भारतीय योग संस्थान के साधक-साधिकाओं योग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न योगासन कर योगाभयास किया। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण व मिलावटी सामान से स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं बढ़ती ही जा रही है ऐसे समय में योग की महती आवश्यकता है तथा सभी लोगों को नियमित योग- अभ्यास करना चाहिए जिससे शरीर बीमारियों से बचा रह सके व जीवन का पूरा आनंद लिया जा सके । इस अवसर पर योग संचालक लक्ष्मी चंद शर्मा ,योग संचालक प्रमोद कुमार अग्रवाल, नरेश छाबड़ा, डा. अशोक अरोरा, मनोज शर्मा ,मान सिंह ग्रोवर आदि साधकों ने प्रतिभाग किया व योग के बारे में जानकारी प्राप्त की।

